आरबीई सं. 13 /2025

**भारत सरकार/ GOVERNMENT OF INDIA**
**रेल मंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS**
**(रेलवे बोर्ड/ RAILWAY BOARD)**

सं.2024/एफ(ई)III/एनपीएस1/6 नई दिल्ली, दिनांक:06.02.2025

महाप्रबंधक/प्रधान वित्त सलाहकार,
सभी क्षेत्रीय रेलें/उत्पादन इकाइयां आदि,
महानिदेशक, अ.अ.मा.सं. और भारतीय रेल राष्ट्रीय अकादमी

विषय: राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के अंतर्गत कवर किए गए रेल कर्मचारियों के संबंध में राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली में रेल कर्मचारी द्वारा अंशदान।

बोर्ड के दिनांक 21.02.2019 के पत्र सं. डी-43/12/2018 के अनुसार, राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के लिए रेल कर्मचारी प्रतिमाह अपनी परिलब्धियों का दस प्रतिशत या समय-समय पर यथा अधिसूचित ऐसे अन्य प्रतिशत का अंशदान करेगा। देय अंशदान की रकम को अगले उच्चतर रूपए तक पूर्णांकित किया जाएगा।

2. निलंबन की अवधि के दौरान, रेल कर्मचारी द्वारा उसके विकल्प पर अंशदान किया जा सकेगा। बहरहाल, यदि जांच के निष्कर्ष पर सरकार द्वारा पारित अंतिम आदेशों में, निलंबन के अधीन व्यतीत की गई अवधि को ड्यूटी के रूप में या छुट्टी पर, जिसके लिए छुट्टी वेतन संदेय है, माना गया, तो राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली में अंशदान का निर्धारण उन परिलब्धियों पर आधारित होगा जिनके लिए निलंबन की अवधि के लिए रेलवे कर्मचारी हकदार हो जाता है। अंशदान की जमा की जाने वाली राशि और निलंबन की अवधि के दौरान पहले से जमा की गई राशि के अंतर को ब्याज सहित अभिदाता के व्यक्तिगत पेंशन खाते में जमा किया जा सकेगा। इस प्रयोजनार्थ ब्याज की दर लोक भविष्य निधि निक्षेपों के लिए समय-समय पर सरकार द्वारा यथानिर्णीत ब्याज की दर होगी।

3. ड्यूटी से अनुपस्थिति (छुट्टी पर या अन्यथा) की अवधि के दौरान, जिसके लिए कोई वेतन या छुट्टी वेतन संदेय नहीं है, अभिदाता द्वारा कोई अंशदान नहीं किया जा सकेगा।

4. केंद्रीय सरकार या राज्य सरकार के अधीन किसी विभाग या संगठन में प्रतिनियुक्ति पर स्थानांतरण की अवधि के दौरान, अभिदाता इन नियमों के अध्यधीन उसी प्रकार होगा, जिस प्रकार वह स्थानांतरित या प्रतिनियुक्ति न होने पर होता और इन नियमों के अनुसार उपलब्धियों के आधार पर राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के लिए अंशदान करना जारी रखेगा।

5. परिवीक्षाधीन अवधि के दौरान अभिदाता राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली में अपना अंशदान जारी रखेगा।

6. संयुक्त राष्ट्र सचिवालय या अन्य संयुक्त राष्ट्र निकायों, अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष, अंतर्राष्ट्रीय पुनर्निर्माण और विकास बैंक, या एशियाई विकास बैंक या राष्ट्रमंडल सचिवालय अथवा किसी अन्य अंतर्राष्ट्रीय संगठन में प्रतिनियुक्ति सहित भारत में या भारत के बाहर विदेश सेवा के दौरान व्यक्तिगत पेंशन खाते में अंशदानों की कटौती और जमा को रेल मंत्रालय द्वारा समय-समय पर जारी अनुदेशों तथा पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) द्वारा अधिकथित प्रक्रिया के अनुसार विनियमित किया जा सकेगा।

7. आहरण और संवितरण अधिकारी रेल कर्मचारी के वेतन से अंशदान की कटौती करेगा और बिल को प्रत्येक अभिदाता के संबंध में अंशदान कटौती के ब्यौरों सहित यथास्थिति, वेतन और लेखा अधिकारी या चेक आहरण और संवितरण अधिकारी को प्रत्येक माह के बीसवें दिन पर या उससे पूर्व भेजेगा।

8. (i) यथास्थिति, वेतन और लेखा अधिकारी या चेक आहरण और संवितरण अधिकारी, आहरण और संवितरण अधिकारी द्वारा वेतन और लेखा अधिकारी या चेक आहरण और संवितरण अधिकारी को अंशदान के ब्यौरों के आधार पर अभिदाता अंशदान फाइल तैयार और अपलोड करेगा तथा प्रत्येक माह के पच्चीसवें दिन तक अंतरण आईडी सृजित करेगा।

(ii) यथास्थिति, वेतन और लेखा अधिकारी या चेक आहरण और संवितरण अधिकारी, न्यासी बैंक को प्रत्यायित बैंक के माध्यम से प्रत्येक माह के अंतिम कार्य दिवस तक अंशदान प्रेषित करेगा। बहरहाल, मार्च माह के लिए, अंशदान वेतन और लेखा अधिकारी या चेक आहरण और संवितरण अधिकारी द्वारा न्यासी बैंक को प्रत्यायित बैंक के माध्यम से अप्रैल माह के प्रथम कार्य दिवस को प्रेषित किया जा सकेगा।

(iii) अभिदाता के व्यक्तिगत पेंशन खाते में विहित समयावधि के पश्चात अंशदान जमा करने में विलंब होने की दशा में, जिसमें अभिदाता की गलती न हो, तो राशि को अभिदाता के व्यक्तिगत पेंशन खाते में विलंबित अवधि के लिए ब्याज सहित जमा किया जाएगा। इस उद्देश्य के लिए ब्याज की दर वह ब्याज दर होगी जिसे सरकार समय-समय पर लोक भविष्य निधि खाते के लिए निर्धारित करती है।

जी. प्रिया सुदर्सनी

**(जी. प्रिया सुदर्सनी)**
**निदेशक वित्त (स्था.)**
**रेलवे बोर्ड**

RBE No.13/2025

**GOVERNMENT OF INDIA (BHARAT SARKAR)**
**MINISTRY OF RAILWAYS (RAIL MANTRALAY)**
**(RAILWAY BOARD)**

**No. 2024/F(E)III/NPS1/6** **New Delhi, dated: 06.02.2025.**

**The General Managers/Principal Financial Advisers,**
**All Zonal Railways/Production Units etc.,**
**DGs of RDSO and NAIR.**

**Subject: Contribution by the Railway employee to the National Pension System in respect to railway employees covered under NPS.**

****

In accordance with Board's letter No. D-43/12/2018 dated 21.02.2019, a railway employee shall make a contribution of ten per cent or such other percentage as may be notified from time to time, of his emoluments to the National Pension System every month. The amount of contribution payable shall be rounded off to the next higher rupee.

2. During the period of suspension, contribution may be made by the railway employee at his option. However, if in the final orders passed by the Government on conclusion of the inquiry, the period spent under suspension is treated as duty or leave for which leave salary is payable, contributions to the National Pension System shall be determined based on the emoluments which the railway employee becomes entitled to for the period of suspension. The difference of the amount of contribution to be deposited and the amount of contribution already deposited during the period of suspension, shall be credited to the Individual Pension Account of the Subscriber along with interest. The rate of interest for this purpose would be the rate of interest as decided by the Government from time to time for the Public Provident Fund deposits.

3. No contribution shall be made by the Subscriber during the period of absence from duty (whether on leave or otherwise) for which no pay or leave salary is payable.

4. During the period of transfer on deputation to a Department or organisation under the Central Government or the State Government, the Subscriber shall remain subject to these rules in the same manner, as if he was not so transferred or sent on deputation and will continue to contribute towards National Pension System based on his emoluments.

5. The Subscriber shall contribute towards National Pension System during the period spent under probation.

6. Deduction and crediting of contributions to the Individual Pension Account during foreign service in India or outside India, including deputation to United Nations' Secretariat or other United Nations' Bodies, the International Monetary Fund, the International Bank of Reconstruction and Development, or the Asian Development Bank or the Commonwealth Secretariat or any other International organisation, shall be regulated in accordance with the instructions issued by the Ministry of Railways from time to time and the procedure laid down by the Pension Fund Regulatory and Development Authority (PFRDA).

7. The Drawing and Disbursing Officer shall deduct the contribution from the salary of the railway servant and send the bill to the Pay and Accounts Officer or Cheque Drawing and Disbursing Officer, as the case may be, along with details of contributions deducted in respect of each Subscriber on or before Twentieth day of each month.

8. (i) The Pay and Accounts Officer or the Cheque Drawing and Disbursing Officer, as the case may be, based on the details of contributions in respect of each Subscriber sent by the Drawing and Disbursing Officer to Pay and Accounts Officer or Cheque Drawing and Disbursing Officer, shall prepare and upload a Subscription Contribution File and generate a Transaction ID by Twenty-fifth day of each month.

(ii) The Pay and Accounts Officer or the Cheque Drawing and Disbursing Officer, as the case may be, shall remit the contribution to the Trustee Bank through the Accredited Bank by the last working day of each month. However, the contribution for the month of March shall be remitted by the Pay and Accounts Officer or the Cheque Drawing and Disbursing Officer to the Trustee Bank through the Accredited Bank on the first working day of the month of April.

(iii) In case of delay in crediting of contribution to the Individual Pension Account of the Subscriber beyond the prescribed timeline due to factors not attributable to the Subscriber, the amount shall be credited to the Individual Pension Account of the Subscriber along with interest for the delayed period. The rate of interest for this purpose would be the rate of interest as decided by the Government from time to time for the Public Provident Fund deposits.

G. Priya Sudarsani

**(G. Priya Sudarsani)**
**Director, Finance (Estt.)**
**Railway Board**

**No. 2024/F(E)III/NPS1/6** **New Delhi, dated: 06.02.2025.**

**Copy to**:-

Deputy Comptroller and Auditor General of India (Railways), Room No. 224, Rail Bhawan, New Delhi.

G. Priya Sudarsani

**For Member Finance, Railway Board**

**No. 2024/F(E)III/NPS1/6** **New Delhi, dated: 06.02.2025.**

**Copy to**:-

1. The General Secretary, NFIR, Room No. 256-E, Rail Bhawan, New Delhi.
2. The General Secretary, AIRF, Room No. 253, Rail Bhawan, New Delhi.
3. The Members of the National Council, Departmental Council and Secretary Staff Side, National Council, 13-C, Feroz Shah Road, New Delhi.
4. The Secretary General, FROA, Room No. 256-A, Rail Bhawan, New Delhi.
5. The Secretary General, IRPOF, Room No. 268, Rail Bhawan, New Delhi.
6. The Secretary, RBSS, Group 'A' Officers Association, Rail Bhawan.
7. The Secretary, RBSS, Group 'B' Officers Association.
8. The General Secretary, RBSSSA, Room No. 451-A, Rail Bhawan, New Delhi.
9. The Secretary, Railway Board Ministerial Staff Association.
10. The Secretary, Railway Board Class IV staff Association.
11. The General Secretary, All India SC/ST Railway Employees Association, Room No. 7, Rail Bhawan, New Delhi
12. The General Secretary, All India O.B.C. Railway Employees Federation (AIOBCREF), Room No.48, Rail Bhawan.

6.2.25

**For Principal Executive Director (IR), Railway Board.**

**No. 2024/F(E)III/NPS1/6** **New Delhi, dated: 06.02.2025.**

**Copy to**:-

Adv. to MR, EDPG to MR, OSD to MR, OSD (Co-ord) to MR, PS to MoSR(D), EDPG to MoSR(D), PS to MoSR(J), EDPG to MoSR(J), DPG to MoSR(J).

PSOs/Sr.PPSs/PPSs to CRB, MF, M/O&BD, M/Infra, M/TRS, Secretary/RB.

DG/HR, DG/Safety, DG(RHS), DG(RPF).

All Addl. Members, PEDs, All EDs, JSs.

Pay & Accounts Officer, M/o Railways (Railway Board)

**No. 2024/F(E)III/NPS1/6** **New Delhi, dated: 06.02.2025.**

**Copy also to**:-

1. The DGs, IRICEN/Pune, IRIEEN/Nasik Road. IRIMEE/Jamalpur, IRISET/Secunderabad
2. Principal CAO, PLW, Patiala.
3. The CMDs, IRCON, IRFC, MRVC, IRC&TC, CONCOR, RITES, KRCL, RVNL, Railtel and MDs, CRIS, IRWO.
4. The Vice Chairman, Rail Land Development Authority, New Delhi.
5. The Registrar, RCT/Delhi.
6. Chairmen of all RRBs.
7. The Chief Commissioner of Railway Safety/ Lucknow.

(Reference: Department of Pension & Pensioners' Welfare(DoP&PW)'s O.M. No. 57/03/2022-P&PW(B)/8361(1) dated 07.10.2024).

*****